हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, रविवार, 30 जून 2024

तापमान
अधिकतम 46.0 डिग्री
न्यूनतम 29.3 डिग्री

15 नेटबॉल में रोहतक ब्लॉक की टीम प्रथम



16 वर्कशाप में बच्चों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया



फॉलो करने पर पाये EXTRA 5% OFF ON MAKING OF EVERY GOLD JEWELLERY
@PPJEWELLERSROHTAK
ppjewellersrohtak
P.P. Jewellers Rohtak
P.P. Jewellers Rohtak
केवल 5% बनवाई सोने के सभी आभूषण पर
सभी 22K HUID हॉलमार्क आभूषण उपलब्ध हैं।
P.P. Jewellers
रोहतक का सबसे बेहतरीन आभूषण स्टोर
RAILWAY ROAD ROHTAK, CALL :- 70828-66177
केवल 0% बनवाई हीरे के सभी आभूषण पर
कोई पॉलिश नहीं | कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं
35% की छूट हीरे की कीमत पर
SPIN
सुनिश्चित उपहार जीतें।
हीरे के आभूषणों की हर न्यूनतम खरीद पर।
T&C APPLY
SUNDAY OPEN

## शहर में आज

- मन की बात कार्यक्रम माता मंदिर, पाड़ा मोहल्ला, पप्पू हलवाई वाली गली, गोहाना अड्डा, वार्ड नंबर 17 में आयोजित होगा
- विकास भवन में दो बजे जिला स्तरीय समारोह में पहुंचेंगे सांसद रामचंद्र जांगड़ा
- हरियाणा बनाओ अभियान को लेकर एमएस चोपड़ा , डॉ. महाबीर सिंह, एडवोकेट विनोद पाहवा व सुरेंद्र सिंह बैरागी 12 बजे तिलयार पर प्रेसवार्ता करेंगे
- नई अनाजमंडी में सुबह 11 बजे कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा कार्यक्रम को सम्बोधित करेंगे

## बिजली कट

- सुबह 7:30 से 9 बजे तक : 11 केवी महम, 11 केवी किशनगढ़, 11 केवी पब्लिक हेल्थ, 11 केवी सिसर, 11 केवी आईडीसी रोहतक, 11 केवी निकोन स्टील, टिटौली एपी और 11 केवी समर गोपालपुर खुर्द में बिजली सप्लाई बाधित रहेगी

## खबर संक्षेप

### भैयापुर में मकान से नकदी चोरी, केस

**रोहतक।** भैयापुर में एक मकान में लाखों रुपये चोरी हो गए। सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव में स्कूल के पास अपना मकान बना रखा है। शुक्रवार को दोपहर बाद अपने भाई संदीप के घर अपनी पत्नी मोनिका के साथ गया हुआ था। जो मेन गेट का ताला लगाया हुआ था व अंदर के दरवाजे की केवल कुंडी लगी हुई थी। जब मेरी पत्नी वापस आई तो मकान की दीवार के पास सिलेंडर गिरा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो अलमारी से एक लाख की नकदी गायब थी।

# 1 घंटे की बरसात भी नहीं झेल पाया सीवरेज सिस्टम, 55 एमएम बरसा पानी, सड़कें जलमग्न

## ■ गोहाना रोड, छोटूराम चौक, कैनाल रेस्ट हाउस पानी-पानी ■ सोशल मीडिया पर जलभराव के वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

मानसून के आगमन पर शनिवार को पहली तेज बरसात में ही प्रशासन के दावे हवा हो गए। करीब डेढ घंटे तक हुई 55 एमएम बरसात को शहर नहीं झेल पाया। कई मुख्य सड़कें तालाब बन गई। लोगों के वाहन सड़कों पर बंद हो गए। सीवर व्यवस्था ठप हो गई। देर रात तक सड़कों पर पानी जमा रहा। गोहाना रोड, छोटूराम चौक, कैनाल रेस्ट हाउस जैसे एरिया में सबसे ज्यादा पानी भरा। बरसात के साथ ही सोशल मीडिया पर रोहतक में जलभराव के फोटो भी वायरल हो गए। साथ ही विपक्ष के नेता सत्ता पक्ष पर तंज कसने लगे। हालांकि बरसात की वजह से कुछ देर के लिए लोगों को गर्मी से राहत मिली।

### जिले में बरसात

| | |
|---|---|
| रोहतक | 55 |
| महम | 0 |
| सांपला | 51 |
| कलानौर | 4 |
| लाखनमाजरा | 0 |

(नोट: बरसात एमएम में )

### घर से निकलना मुश्किल

दोपहर करीब एक बजे शुरू हुई बरसात की वजह से सड़कों पर पानी भर गया। पालिका बाजार, गोहाना अड्डा, काठमंडी, जनता कॉलोनी, गोहाना रोड, सेक्टर एक दो, सेक्टर 14, प्रेम नगर, सुखपुरा चौक, लाढ़ौत रोड, सैनी स्कूल रोड, रेस्ट हाउस, आर्य नगर, मॉडल टाउन, गांधी कैंप आदि एरिया में गलियों में पानी भर गया। दिनभर लोग जलभराव की वजह से परेशान रहे। शाम को कुछ एरिया में पानी कम होने लगा। लेकिन रेस्ट हाउस, रेडियो स्टेशन के पास, गोहाना रोड पर जलभराव बना रहा।

### ठप हो गई सीवर व्यवस्था

बरसात से पूरे शहर में सीवर व्यवस्था ठप हो गई। अधिकतर एरिया में सीवर पानी बाहर फेंकने लगे। गंदा पानी सड़कों, गलियों में जमा हो गया, जिससे बदबू फैल गई। इसके अलावा नाले भी पानी की वजह से जाम हो गए। कई कॉलोनियों में खाली प्लाट भी पानी भरने से आफत बन गए। जिसकी वजह से आने वाले दिनों में मच्छरों की संख्या बढ़ेगी।

### तालाब बना गोहाना रोड

बरसात के बाद गोहाना रोड पर टीबी अस्पताल के बाहर का एरिया तालाब बन गया। यहां दुपहिया वाहन और ई रिक्शा भी पानी में फंस गए। कई घंटे तक पानी का स्तर बढ़ने से लोगों का आना जाना बंद हो गया। बड़े चार पहिया वाहन ही यहां से आसानी से निकल पाए। स्थानीय लोगों ने बताया यहां की समस्या कभी खत्म नहीं होगी। यहां हर बरसात में तालाब बन जाता है। ...शेष पेज 15 पर

### हाल- बेहाल

- गोहाना रोड पर टीबी अस्पताल के बाहर तालाब बना, स्कूटी, बाइक व ई-रिक्शा फंस गए
- दोपहर करीब एक बजे बरसात शुरू हुई, खाली प्लाटों पर भरा पानी
- सोशल मीडिया पर लोगों ने प्रशासन के खिलाफ भड़ास निकाली



### यहां-यहां जलभराव

वार्ड नंबर 19 में डबल फाटक के पास स्थित अंडरपास में जलभराव हो गया। इसके अलावा आजाद नगर, पुराना हाउसिंग बोर्ड शिवाजी कॉलोनी, गीता कॉलोनी, चावला कॉलोनी, अंबेडकर कॉलोनी, प्रीत विहार, कमला नगर, श्रीनगर कॉलोनी में भी पानी भर गया।

### प्रशासन की विफलता

शहर में और जगहों के मुकाबले लेट बारिश आई है। मगर पहली ही बारिश के पानी ने लोगों का गलियों में निकलना बंद कर दिया। ज्यादातर चौराहे गन्दे पानी से भरे खड़े हैं। अगर रात को दोबारा बारिश हुई तो पिछले साल की तरह लोगों के घरों में सीवर बैक मारेंगे। क्योंकि समय रहते उनकी सफाई नहीं हुई है। बारिश के पानी निकासी के प्रबन्धों की घोर विफलता प्रमाणित हुई है।

-**डॉ. जगमति सांगवान**, जिला सचिव भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)

छोटूराम चौक का नजारा ....



अंबेडकर चौक



### महाबीर पार्क : पानी में तैरने लगी बाइक



### दुकानों पर घेवर बनने शुरू





### सोशल मीडिया पर फोटो वायरल

काठमंडी में पुल के पास स्थित एक सीवर पानी को तेजी से बाहर फेंकने लगा। पानी इतनी तेजी से बाहर आने लगा कि ढक्कन बार बार पानी में तैरने लगा। यहां से आते जाते लोगों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। देर शाम तक हजारों लोगों ने इस वीडियो को देखा और शेयर किया। यह जन स्वास्थ्य विभाग के हालात बताने के लिए काफी था।



### पूरा नहीं हुआ नालों का सफाई अभियान

18 जून को नगर निगम ने नालों की सफाई के लिए टेंडर जारी किया था। करीब दस दिन में आधे शहर के नालों की सफाई हो गई है, लेकिन अभी भी कई बड़े नालों की सफाई नहीं हो पाई। जिसकी वजह से जलभराव हुआ है। डीसी अजय कुमार की तरफ से 30 जून तक अभियान पूरा करने के आदेश थे लेकिन काम बाकी है।

शहर की बेटी का महा रिकॉर्ड | आस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड भी लगा चुकी हैं दोहरा शतक

# शेफाली के दोहरे शतक से परिवार में खुशी का माहौल 197 बॉल पर 8 छक्के व 23 चौकों से बनाए 205 रन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

देश हो या विदेश 'देशा में देश हरियाणा, जित दूध दही का खाना' हरियाणा की यही पहचान है। खेत-खलियान से लेकर खेल का मैदान, देश की सीमा या आंतरिक्ष कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं जहां हरियाणा की माटी के लालों ने अपनी खुशबू नहीं बिखेरी हो। ऐसा ही एक नाम है शेफाली वर्मा।

रोहतक के एक सामान्य परिवार में जन्मी शेफाली ने 15 साल की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया और शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महिला टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक जड़कर इतिहास रच दिया। इससे पहले आस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड ही महिला टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक लगा पाई है। इस उपलब्धि के साथ शेफाली महिला क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाली दूसरी महिला क्रिकेटर बन गई।

टीवी पर मैच देखते परिजन



### महिला क्रिकेट में सहवाग के नाम से पहचान

भारतीय महिला टीम की ओपनर बल्लेबाज शेफाली वर्मा को महिला क्रिकेट में सहवाग के नाम से भी जाना जाता है। खेल के मैदान पर उनकी निडर शैली के चलते उन्हें यह नाम दिया गया है। भारत को महिला टी-20 विश्व कप विजेता बनाने में भी शेफाली की अहम भूमिका रही थी तथा अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में अब तक कई उपलब्धि अपने नाम दर्ज कर चुकी है।

### पिता संजीव वर्मा बोले- बेटी पर गर्व



टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने के बाद शेफाली के पिता संजीव वर्मा ने कहा कि उन्हें अपनी बेटी पर गर्व है। शेफाली न केवल निडर होकर खेली, बल्कि उसने अपनी पूरी पारी में एक भी गलत शॉट नहीं लगाया। मैं तो टेस्ट क्रिकेट में शतक का इंतजार कर रहा है, शेफाली ने तो चेन्नई के एमए चिंदबरम स्टेडियम में साउथ अफ्रीका के खिलाफ दोहरे शतक लगाकर कीर्तिमान ही बना दिया। शेफाली के पिता ने कहा कि यह सब शेफाली की मेहनत व समर्पण, उसके प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन से ही संभव हो पाया है। पिता ने कहा कि रिकार्ड हमेशा टूटने के लिए ही बनते हैं। शेफाली ने शुक्रवार को जो रिकार्ड बनाया, वह भी एक दिन टूटेगा। मैं तो यहीं चाहूंगा कि शेफाली स्वयं ही इसे तोड़े।

### इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक

शेफाली वर्मा ने महिला टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक लगाया। 197 गेंद में 23 चौकों व आठ छकों की मदद से शेफाली ने 205 रन बनाए। इससे पहले उन्होंने 113 गेंद में शतक बनाया था तथा अगली 84 गेंद पर 105 रन बना दिए। 113 गेंद पर शतक बनाने वाली शेफाली विरोधी टीम की गेंदबाजों पर ऐसी चढ़ाई की कि अगले 105 रन महज 84 गेंद में बनाकर एक नया इतिहास रच दिया।

# 1 जुलाई से पीजीआई की ओपीडी सुबह 9 बजे से शुरू होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पीजीआईएमएस की चौधरी रणबीर सिंह ओपीडी का समय बदल दिया गया है। पीजीआईएमएस निदेशक कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार, सोमवार 1 जुलाई से ओपीडी का समय बदल दिया गया है। अब ओपीडी सुबह 9 बजे से शुरू होगी। उन्होंने बताया कि ओपीडी कार्ड सुबह 8:30 बजे से बनने शुरू हो जाएंगे और दोपहर 1 बजे तक बनेंगे। जिन मरीजों के कार्ड दोपहर 1 बजे तक बन जाएंगे, उन सभी मरीजों को डॉक्टर देखेंगे। ओटी का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक कर दिया गया है।

पीजीआईएमएस की चौधरी रणबीर सिंह ओपीडी के समय में एक घंटे की देरी की गई है। अब तक ओपीडी सुबह 8 बजे से शुरू होती थी। वहीं ओपीडी कार्ड सुबह 7 बजे बनने शुरू होते थे।



### प्रतिदिन 7 हजार की ओपीडी

पीजीआईएमएस में न केवल रोहतक जिले के बल्कि आसपास के जिलों से भी मरीज उपचार के लिए आते हैं। पीजीआई की ओपीडी प्रतिदिन करीब 7 हजार रहती है। हजारों मरीज हर रोज पीजीआई में उपचार के लिए पहुंचते हैं। वहीं पीजीआई में रोहतक के अलावा हिसार, भिवानी, झज्जर, सोनीपत, जींद, चरखी दादरी सहित अन्य जिलों से भी लोग उपचार के लिए आते हैं। जिसके कारण पीजीआई की ओपीडी में हर रोज भीड़ रहती है। इसलिए समय बदलने के कारण लोगों को राहत मिलेगी।



*अगर सिर्फ डायवर्सिफिकेशन पर ध्यान दें, तो मल्टी-कैप फंड को इस मामले में बेहतर माना जा सकता है, क्योंकि इसके पोर्टफोलियो में हर वक्त लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉल कैप सेगमेंट के शेयर शामिल रहते हैं। इसकी वजह से इसे रिस्क-रिटर्न ट्रेड-ऑफ के लिहाज से बेहतर माना जा सकता है, लेकिन अगर आप फंड मैनेजर की समझदारी पर ज्यादा भरोसा करते हैं और निवेश के मामले में फ्लेक्सिबल एप्रोच यानी लचीलेपन को पसंद करते हैं, तो फ्लेक्सी कैप फंड में निवेश करना बेहतर रहेगा। आप फैसला कुछ भी करें, यह बात जरूर याद रखें कि इन दोनों ही कैटेगरी के फंड*

## म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों को पहले कर लेना चाहिए तय

निवेश मंत्रा

# निवेश के लिए क्या बेहतर फ्लेक्सीकैप यह मल्टीकैप

बिजनेस डेस्क

निवेश हर कोई करना चाहता है, लेकिन बाजार के उतार चढ़ाव से कई बार डर जाता है। ऐसे में निवेशक को पहले अपनी रिस्क क्षमता को देख लेना चाहिए। इसके बाद ही निवेश की दुनिया में कदम रखना चाहिए। म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों को कई बार यह तय करने में उलझन होती है कि अपने पैसे फ्लेक्सी कैप फंड में लगाएं या मल्टी-कैप फंड में। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि दोनों ही तरह के फंड पहली नजर में एक जैसे ही लगते हैं, क्योंकि दोनों फंड्स के जरिए पूरे बाजार के अलग-अलग सेगमेंट के शेयरों में निवेश किया जाता है। इसलिए डायवर्सिफाइड फंड की तलाश कर रहे निवेशकों को इन दोनों ही तरह के फंड्स में से किसी एक का चुनाव करने में थोड़ा कनफ्यूजन होना आम बात है, लेकिन दोनों फंड एक जैसे लगने के बावजूद असल में पूरी तरह एक जैसे नहीं हैं। किस निवेशक को इनमें से किस म्यूचुअल फंड में निवेश करना चाहिए, यह जानने के लिए दोनों फंड्स के अंतर को समझना जरूरी है। इसके बाद ही इन फंडों में निवेश करना चाहिए। दोनों फंडों की क्षमता, रिस्क और रिटर्न कई मायनों में काफी अलग होते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि कौन से फंड निवेश के लिए बेहतर माने जाते हैं।

### फ्लेक्सी कैप फंड

फ्लेक्सी कैप फंड में फंड मैनेजर को किसी पाबंदी के बिना लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप सेगमेंट में आने वाले किसी भी स्टॉक में निवेश करने की पूरी छूट होती है। यह लचीलापन मैनेजर को बाजार की परिस्थितियों के आधार पर अपने हिसाब से अलग-अलग सेगमेंट और सेक्टर के शेयरों में फंड अलोकेट करने की इजाजत देता है। अगर फंड मैनेजर को लगता है कि लार्ज कैप अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, तो वे फंड का एक बड़ा हिस्सा लार्ज-कैप स्टॉक में अलोकेट कर सकते हैं। इसी तरह, जरूरत पड़ने पर मिड-कैप या स्मॉल-कैप स्टॉक में भी फंड अलोकेशन कम या ज्यादा कर सकते हैं।



### यह भी जान लीजिये

फ्लेक्सी कैप फंड्स की तुलना में मल्टी कैप फंड्स की संख्या काफी कम है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि कुछ साल पहले सेबी ने मल्टी कैप फंड की परिभाषा में बदलाव करके फंड एलोकेशन को लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉल कैप में बांटना जरूरी कर दिया, तो बहुत सारे फंड्स कैटेगरी बदलकर फ्लेक्सीकैप में चले गए। इन फंड्स ने ऐसा इसलिए किया, ताकि अपनी निवेश रणनीति में लचीलापन बनाए रखा जा सके।

### मल्टी-कैप फंड

*मल्टी-कैप फंड के पूरे पोर्टफोलियो में, लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप तीनों सेगमेंट के शेयरों को शामिल करना जरूरी है। फंड मैनेजर को इनमें से हर सेगमेंट में हर वक्त कम से कम 25 फीसदी अलोकेशन बनाए रखना पड़ता है। यानी लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक में से हरेक में 25-25 फीसदी निवेश रखना जरूरी है। ऐसा इसलिए ताकि मल्टी-कैप फंड में डायवर्सिफिकेशन का लेवल हमेशा बना रहे।*

### क्या दोनों फंडों में फर्क

मल्टीकैप फंड के पोर्टफोलियो में 25-25 फीसदी लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक बनाए रखने की वजह से जो अनिवार्य डायवर्सिफिकेशन होता है, वही इसे फ्लेक्सी कैप फंड से अलग करने वाला सबसे बड़ा फर्क है। इस अनिवार्यता की वजह से मल्टीकैप फंड में लार्ज कैप के साथ-साथ मिडकैप और स्मॉलकैप की मौजूदगी भी हमेशा ही बनी रहती है, जबकि फ्लेक्सीकैप फंड के लिए ऐसा करना जरूरी नहीं है। फ्लेक्सीकैप फंड का मैनेजर चाहे तो पूरा इक्विटी निवेश सिर्फ लार्जकैप में भी कर सकता है या उसे लार्ज और मिडकैप में बांटकर स्मॉलकैप से दूर रहने का फैसला भी कर सकता है, लेकिन मल्टीकैप फंड के मैनेजर के लिए ऐसा करना मुमकिन नहीं है।

### डायवर्सिफिकेशन भी जरूरी

डायवर्सिफिकेशन किसी भी निवेश पोर्टफोलियो को बेहतर बनाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। सही तरीके से किया गया डायवर्सिफिकेशन आपके पोर्टफोलियो के परफॉर्मेंस को काफी बेहतर बना सकता है। म्यूचुअल फंड के मामले में मल्टी-कैप और फ्लेक्सी कैप दोनों फंड आपके निवेश को डायवर्सिफाई करने यानी उसमें विविधता लाने में मददगार साबित हो सकते हैं। हमने ऊपर यह भी देखा कि डायवर्सिफिकेशन के लिहाज से दोनों फंड्स में क्या फर्क है। इसे देखते हुए ही आपको एक निवेशक के रूप में तय करना होगा कि आपके लिए कौन सा फंड बेहतर रहेगा।

### पिछला प्रदर्शन

मल्टी-कैप फंड और फ्लेक्सी कैप फंड के पिछले प्रदर्शन की तुलना करें तो पता चलता है कि दोनों कैटेगरी के फंड्स के औसत सालाना रिटर्न में बहुत ज्यादा फर्क नहीं है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) की वेबसाइट के मुताबिक टॉप 10 फ्लेक्सी कैप फंड्स ने पिछले 10 साल में 16.11 फीसदी से 21.88 फीसदी के बीच सालाना रिटर्न दिया है। पिछले 5 साल में इस कैटेगरी के टॉप 10 फंड्स का रिटर्न 19.96 फीसदी से 34.22 फीसदी के बीच रहा है। एएमएफआई की वेबसाइट के मुताबिक इस वक्त मल्टी कैप कैटेगरी में सिर्फ 6 ऐसे फंड हैं, जिनका पिछले 10 साल का रिकॉर्ड उपलब्ध है और इस दौरान इन फंड्स ने 16.46 फीसदी से 22.79 फीसदी के बीच औसत सालाना रिटर्न दिया है। वहीं, जिन 8 मल्टी कैप फंड्स के पिछले 5 साल के प्रदर्शन का रिकॉर्ड एएमएफआई की वेबसाइट पर मौजूद है।

---



*कब डबल होंगे पैसेः आपकी बचत के पैसे दोगुने कब होंगे इसकी गणना का एक आम नियम काफी प्रचलित है। ये नियम रूल 72 है। फाइनेंस में इसका खूब इस्तेमाल होता है। रूल 72 के जरिए आप यह जान सकते हैं कि आपके निवेश के पैसे कितने समय में दोगुने हो जाएंगे।*

# इस फॉर्मूले से करेंगे निवेश तो 7 साल 2 माह में डबल

- पैसा बढ़ाने का सबसे सटीक नियम, करें अप्लाई
- यह नियम आपको जल्द बना सकता है करोड़पति
- रूल ऑफ 72 का इस्तेमाल करके आप भी जान सकते हैं कि कैसे 7 साल 2 महीने में कैस डबल होंगे

**बिजनेस डेस्क।** अगर आप भी कम समय में करोड़पति बनना चाहते हैं या अपना पैसा बढ़ाना चाहते हैं तो आपको भी यह नियम अपना लेना चाहिए। इससे आप आसानी से पैसा बटोर सकेंगे और कम समय में ही अच्छा खासा पैसा जुटा लेंगे। ज्यादातर जानकारों का कहना है कि अगर वजन कम करना है तो कम खाइए और ज्यादा व्यायाम कीजिए, पैसों का मामला भी कुछ ऐसे ही है। खर्च कम कीजिए और ज्यादा बचत कीजिए तो आपका पास अच्छा खासा बैंक बैलेंस होगा। रिटायरमेंट या दूसरे फाइनेंशियल टारगेट के लिए आप जितनी जल्दी शुरुआत करेंगे। लक्ष्य के करीब आने तक आप उतने ही धनवान होंगे। इसके लिए सबसे सटीक फॉर्मूला है। रूल ऑफ 72 का इस्तेमाल करके आप भी जान सकते हैं कि कैसे 7 साल 2 महीने में आपका पैसा डबल हो जाएगा। यही नहीं अगर पैसे को इन्वेस्ट रखा जाए तो तीन गुना या फिर चार गुना भी बढ़ाया जा सकता है।

### कम्पाउंड इंट्रस्ट करेगा हेल्प

आपको सिर्फ अपनी बचत की निरंतरता बनाए रखनी है और बाकी का काम चक्रवृद्धि ब्याज (कम्पाउंड इंट्रस्ट) समय के साथ करता रहेगा। चक्रवृद्धि का फायदा लॉन्ग टर्म में देखते ही बनता है और यह लंबी अवधि में आपको करोड़पति बनाने में भरपूर काम करता है। इसलिए जब भी निवेश की गाड़ी स्टार्ट करें, निवेश का लंबा लक्ष्य रखें, मसलन बच्चों की शादी, शिक्षा या फिर रिटायरमेंट प्लानिंग। ऐसे लक्ष्य लेकश्लंबी अवधि के लिए निवेश शुरू करेंगे तो आप आसानी से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे और अच्छा खासा रिटर्न प्राप्त कर लेंगे और देखते ही देखते अपने सभी गोल पूरे कर सकेंगे।



### कम्पाउंड इंट्रस्ट कैसे करता है काम

अब जानकारी लेते हैं कि आखिर यह कम्पाउंड इंट्रस्ट काम कैसे करता है। यानी यह आपको अमीर बनाने की क्षमता कैसे रखता है। मान लीजिए आप 100 रुपये कहीं जमा करते हैं और उस पर सालाना 10% का ब्याज मिलता है। एक साल बाद आपके पास 110 रुपये होंगे। अगले वर्ष चक्रवृद्धि के कारण आपको 110 रुपये पर 10% का ब्याज मिलेगा और आपके पैसे बढ़ कर 121 रुपये हो जाएंगे। फिर अगले वर्ष 121 रुपये पर 10% ब्याज प्राप्त होगा।

---

- नेशनल पेंशन सिस्टम बुढ़ापे के लिए बढ़िया विकल्प
- 18 साल से 70 साल की उम्र का नागरिक खुलवा सकता है

# एनपीएस को 5 साल कर दें एक्सटेंड 50% से ज्यादा बढ़ेगी मंथली पेंशन

बिजनेस डेस्क

नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) केंद्र सरकार की एक पेंशन योजना है, जिसमें रिटायरमेंट को ध्यान में रखकर निवेश किया जा सकता है। यह बुढ़ापे लिए एक बेहतर विकल्प हो सकता है। नेशनल पेंशन सिस्टम में कोई भी 18 साल से 70 साल की उम्र का भारतीय नागरिक (सरकारी कर्मचारी या निजी सेक्टर का कर्मचारी) अकाउंट खुलवा सकता है। एनआरआई भी इसके लिए योग्य हैं। अकाउंट खुलने के बाद 60 साल की उम्र तक या मैच्योरिटी तक यानी 70 साल तक इसमें कंट्रीब्यूट करना होता है। अगर एनपीएस की रिटर्न हिस्ट्री देखें तो अब तक इसने 8% से 12% सालाना रिटर्न दिया है। आमतौर पर एनपीएस में 60 की उम्र होने तक लक्ष्य बनाकर निवेश करने का ट्रेंड है, लेकिन अगर इसे 5 साल के लिए और एक्सटेंड कर दें तो मंथली पेंशन में 50 फीसदी से ज्यादा इजाफा हो सकता है। वहीं, अगर अकाउंट को 10 साल के लिए एक्सटेंड कर दिया जाए तो मंथली पेंशन में 130 फीसदी का इजाफा होगा. वहीं दोनों ही केस में रिटायरमेंट पर मिलने वाली लम्प सम रकम भी बढ़ जाएगी। हालांकि यह ध्यान रखना होगा कि 60 साल की उम्र के बाद कुछ इनकम का जरिया हो, जिससे आपको इस योजना को एक्सटेंड करने की सुविधा मिल जाए।

सेवानिवृत्ति के बाद ठाठ से कटेगा बुढ़ापा, नहीं होगी परेशानी

## 10 साल एक्सटेंड कराने पर पेंशन 130% बढ़ी

कैलकुलेशन से पता चलता है कि नेशनल पेंशन सिस्टम में अगर 60 साल की बजाए 70 साल की उम्र तक निवेश जारी रखें तो मंथली पेंशन में करीब 130 फीसदी का इजाफा (76,973 रुपये से बढ़कर 1,76,990 रुपये) हो रहा है।

### एनपीएस पर टैक्स बेनेफिट


एनपीएस में निवेश पर इनकम टैक्स एक्ट 1961 के तीन अलग-अलग सेक्शंस के तहत टैक्स बेनेफिट मिलता है। सेक्शन 80सीसीडी 1) के तहत एक फाइनेंशियल ईयर में इसमें 1.5 लाख रुपये तक के निवेश पर डिडक्शन बेनेफिट मिलता है। यह डिडक्शन, सेक्शन 80सी के तहत 1.5 लाख रुपये की ओवरऑल लिमिट में आता है। एनपीएस पर सेक्शन 80सी डिडक्शन के ऊपर भी अतिरिक्त टैक्स छूट का फायदा मिलता है। यह एडिशनल डिडक्शन सेक्शन 80सीसीडी (1बी) के तहत



50,000 रुपये तक मिलता है। कोई भी टैक्सपेयर एनपीएस के टियर-1 अकाउंट्स में निवेश करके 50,000 रुपये तक एडिशनल डिडक्शन का फायदा ले सकता है। इस तरह कोई भी टैक्सपेयर एनपीएस में इनवेस्ट करके एक फाइनेंशियल ईयर में 2 लाख रुपये के ओवरऑल टैक्स बेनेफिट को क्लेम कर सकता है। 2 लाख रुपये की लिमिट के ऊपर एंप्लॉयर की तरफ से किए गए किसी कंट्रीब्यूशन पर इनकम टैक्स एक्ट 1961 के सेक्शन 80सीसीडी(2) के तहत डिडक्शन का फायदा मिलेगा।









### 60 साल तक निवेश पर कैलकुलेशन

- एनपीएस ज्वॉइन करने की उम्र : 25 साल
- मंथली निवेश : 10,000 रुपये
- निवेश की अवधि : 35 साल
- 35 साल में कुल निवेश: 42 लाख
- निवेश पर अनुमानित रिटर्न: 8% सालाना
- 35 साल पर कुल कॉर्पस: 2,30,91,751 रुपये (2.31 करोड़)
- एन्युटी प्लान में निवेश: 50%
- लम्प सम वैल्यू: 1,15,45,875 रुपये (1.15 करोड़)
- पेंशन योग्य वेल्थ: 1,15,45,875 रुपये (1.15 करोड़)
- एन्युटी रिटर्न: 8 फीसदी
- मंथली पेंशन: 76,973 रुपये (करीब 77 हजार रुपये)

### 65 साल तक निवेश पर कैलकुलेशन

- एनपीएस ज्वॉइन करने की उम्र : 25 साल
- मंथली निवेश : 10,000 रुपये
- निवेश की अवधि : 35 साल
- 40 साल में कुल निवेश: 48 लाख रुपये
- निवेश पर अनुमानित रिटर्न: 8% सालाना
- 40 साल पर कुल कॉर्पस: 3,03,42,813 रुपये (3 करोड़)
- एन्युटी प्लान में निवेश: 50%
- लम्प सम वैल्यू: 1,75,71,407 रुपये (1.75 करोड़)
- पेंशन योग्य वेल्थ: 1,75,71,407 रुपये (1.75 करोड़)
- एन्युटी रिटर्न: 8 फीसदी

### 70 साल तक निवेश पर कैलकुलेशन

- एनपीएस ज्वॉइन करने की उम्र : 25 साल
- मंथली निवेश : 10,000 रुपये
- निवेश की अवधि : 45 साल
- 45 साल में कुल निवेश: 54 लाख रुपए
- निवेश पर अनुमानित रिटर्न: 8% सालाना
- 45 साल पर कुल कॉर्पस: 5,30,97,035 रुपये (5.30 करोड़)
- एन्युटी प्लान में निवेश: 50%
- लम्प सम वैल्यू: 2,65,48,518 रुपये (1.75 करोड़)
- पेंशन योग्य वेल्थ: 2,65,48,518 रुपये (1.75 करोड़)
- एन्युटी रिटर्न: 8 फीसदी
- मंथली पेंशन: 1,76,990 रुपये (1.77 लाख रुपये)

---

*अगर आपके पास 20 साल का वक्त है तो आपको एक करोड़ जुटाने के लिए हर महीने केवल 10,880 रुपये का निवेश करना होगा। इसी तरह अगर आप 25 साल के लिए निवेश करते हैं, तो मासिक निवेश राशि घटकर 5,880 रुपये हो जाती है। जैसे-जैसे आपकी निवेश अवधि बढ़ती है, आपको कम रकम निवेश करनी पड़ती है। अगर आपको ज्यादा रिटर्न मिलता है तो एक करोड़ रुपये तक पहुंचने में कम समय लगेगा।*

कैसे बनेंगे करोड़पति

# हर महीने कितना करना होगा निवेश



### क्या कहते हैं आंकड़े

| वार्षिक रिटर्न | अवधि (वर्ष) | एसआईपी राशि (रु.) |
|---|---|---|
| 12% | 10 | 44,640 |
| 12% | 15 | 21,020 |
| 12% | 20 | 10,880 |

बिजनेस डेस्क

करोड़पति बनना हर किसी का सपना होता है। लेकिन, इस सपने को हकीकत में बदलने के लिए सही निवेश करना बहुत जरूरी है। इक्विटी म्यूचुअल फंड एक ऐसा निवेश विकल्प है जो आपको एक करोड़ रुपये के सपने को पूरा करने में मदद कर सकता है। अगला सवाल यह उठता है कि आपको कितना निवेश कितने समय के लिए करना होगा। यह ध्यान रखें कि आप कहीं भी निवेश करें, रातोंरात करोड़पति नहीं बन जाएंगे। इसमें समय लगेगा। इसके लिए आपको अनुशासन की जरूरत होगी। आपको नियमित रूप से निवेश करना होगा। नियमित रूप से अनुशासित निवेश करने के सबसे अच्छे तरीकों में से एक है सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) को चुनना। यह न केवल एकमुश्त बड़ी रकम बनाने में मदद करता है, बल्कि आपको छोटी शुरुआत करने और धीरे-धीरे इसे बढ़ाने की इजाजत भी देता है। यहां तक कि अगर आप 1,000 रुपये के मासिक निवेश के साथ इक्विटी म्यूचुअल फंड में एसआईपी शुरू करते हैं तो आप 10 सालों में 2.2 लाख रुपये जमा कर सकते हैं। यह मानते हुए कि आपको 12% का वार्षिक रिटर्न मिलता है। जैसा कि आप देख सकते हैं, एसआईपी में एक छोटा सा निवेश भी लंबी अवधि में आपके धन को जबर्दस्त तरीके से बढ़ा सकता है।

### इन बातों पर करता है निर्भर

आपको हर महीने कितना निवेश करने की जरूरत है यह तीन प्रमुख बातों पर निर्भर करेगा- रिटर्न, समयसीमा और जोखिम उठाने की क्षमता। रिटर्न जो आपको इक्विटी म्यूचुअल फंड से मिलेगा। आपके निवेश की समयसीमा वह समय होगा, जिसके भीतर आप अपने लक्ष्य को पाना चाहते हैं। वहीं, जोखिम उठाने की क्षमता से मतलब यह है कि आप कितना जोखिम उठा सकते हैं। चूंकि इक्विटी म्यूचुअल फंड में डेट निवेश की तुलना में अधिक जोखिम होता है, इसलिए यह लंबी अवधि के निवेश के लिए सही है। यह और भी बेहतर है कि अगर आप कम से कम सात साल के लिए इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश करें। आप जितने लंबे समय तक निवेश को बनाए रहेंगे, अस्थिरता का जोखिम उतना ही कम होगा।

### कितना निवेश करें

मान लेते हैं कि आपको अपने म्यूचुअल फंड निवेश से 12% का वार्षिक रिटर्न मिलता है। इसके आधार पर हम कैलकुलेशन करेंगे कि 10 साल, 15 साल, 20 साल, 25 साल में 1 करोड़ रुपये के लक्ष्य को पाने के लिए आपको हर महीने कितना निवेश करना होगा। याद रखें कि म्यूचुअल फंड से रिटर्न के बारे में कोई गारंटी नहीं है। पिछले रिटर्न का इस्तेमाल सिर्फ रेफरेंस में किया जाता है ताकि यह कैलकुलेट किया जा सके कि आप क्या उम्मीद कर सकते हैं। 10 साल में म्यूचुअल फंड निवेश (वार्षिक रिटर्न 12%) से 1 करोड़ कमाने के लिए आपको इस पूरी अवधि के दौरान हर महीने 44,640 रुपये का निवेश करना होगा। अगर आप इंवेस्टमेंट हॉरिजन को पांच साल और बढ़ाकर 15 साल कर सकते हैं तो आपको एक महीने में 21,020 का निवेश करना होगा। अगर आप पांच साल और प्रतीक्षा कर सकते हैं तो आपका मासिक निवेश काफी कम हो जाएगा।

## खबर संक्षेप



### प्रांजल ने पौधरोपण कर मनाया जन्मदिन

**रोहतक।** हमें अपने जन्मदिन को सामाजिक सरोकार से जोड़कर रक्तदान, पौधरोपण, नेत्रदान आदि सामाजिक कार्य करने चाहिए। यह सोच है चौदह वर्षीय बेटी प्रांजल कौशिक की उसका कहना है कि पेड़ पौधे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। साथ ही पर्यावरण को साफ सुथरा व संतुलित बनाए रखने में पेड़ पौधों का विशेष योगदान है।



### पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**रोहतक।** द्रख्त फाउंडेशन की टीम ने पौधा वितरण और पौधरोपण अभियान चलाया। पर्यावरण मित्र सुरेश दलाल को पुत्र रत्न की प्राप्ति पर सेक्टर 5 में पौधरोपण अभियान चलाया गया। जिसमें नीम, सिसम, बकान, पापड़ी ,जामुन आदि के पौधे लगाए। कार्यक्रम में आशीर्वाद फ़ाउंडेशन की टीम और कमलदीप मलिक गांव अटायल और रामनिवास और आदित्य गांव क़ाहनोर को विभिन्न प्रकार के छायादार और फलदार 200 पौधे वितरित किए गए।



### शिविर में 30 लोगों ने किया रक्तदान

**रोहतक।** मंजू हेल्थ क्लिनिक पर श्री मद शंकर स्वामी विश्वदेवानंद तीर्थ धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा रक्तदान उत्सव एवं पौधरोपण का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रधान गवर्निंग बॉडी वैश्य एजुकेशन सोसायटी समाज सेवी नवीन जैन रहे। उन्होंने रक्तदाताओं को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर में सिविल हॉस्पिटल ब्लड बैंक से डॉक्टर प्रदीप कुमार और उनकी टीम के सहयोग से 30 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।




### सेवानिवृत कर्मचारियों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने भौतिकी विभाग के प्रोफेसर डॉ. संजय दहिया, मनोविज्ञान विभाग की प्रोफ़ेसर डॉ. सोनिया मलिक, कैंपस स्कूल की शिक्षिका सुलोचना चाहर, सहायक नरेश कुमारी व लिपिक राम निवास को सेवानिवृति पर बधाई दी और उनके कार्यकाल की सराहना की। साथ ही उनके उत्तम स्वास्थ्य की भी कामना की। सेवानिवृत कर्मियों ने अपने विचार सांझा किए।

### राजू बने पीएम की मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक

**रोहतक।** नगर निगम के पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल (राजू) सहगल को प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का जिला संयोजक बनाया गया। राजू सहगल ने बताया कि प्रधानमंत्री जी ने जब से देश की कमान संभाली है वो तब से हर महीने के आखरी रविवार को भारत देश के लोगो से रूबरू होते हैं और उनसे देश की प्रगति के लिए उनसे ऑनलाइन कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद करते हैं। राजू से बताया कि तीसरी बार सरकार बनने के बाद ये पहला मन की बात का कार्यक्रम होगा। भाजपा के कार्यकर्ता और जनता में काफी उत्साह है।



## सीजन की पहली बारिश में जमकर बरसे बदरा, गांव से शहर तक पानी-पानी

# मानसून की बारिश ने कस्बे के नालों की सफाई व्यवस्था की खोली पोल

गलियों से लेकर बाजार, मंडी रोड तक पानी भर गया,लोगों को पानी से गुजरना पड़ा, कहीं-कहीं बाइक सवार भी फंसे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

शनिवार की दोपहर मानसून की बारिश ने कस्बे के नालों की सफाई व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी। गलियों से लेकर बाजार, मंडी रोड तक पानी भर गया। लोगों को पानी से गुजरना पड़ा। नगर पालिका का दावा था कि 30 जून से पहले सभी नालों की सफाई कर दी जाएगी और लोगों को बारिश के मौसम में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। प्रशासन की हकीकत की पोल पहली ही बारिश ने खोल कर रख दी। आगामी मानसून सक्रिय होगा तो दिक्कत और बढ़ेगी। शनिवार को काली घाट के साथ तेज बारिश हुई। करीब आधे घंटे तक हुई इस बारिश से गली व सड़कों पर पानी ही पानी नजर आया। लोगों ने गर्मी से राहत ली और किसानों के चेहरों पर भी खुशी देखने को मिली। अब किसान खरीफ की फसल ज्वार, बाजरा व धान की रोपाई कर सकेंगे। मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन-चार दिनों तक बारिश होगी।

#### सड़क व बाजार में पानी

बारिश की वजह से मेंन बाजार, खरखोदा मार्ग, मंडी रोड नेशनल हाईवे ब्रिज के पास झज्जर रोड वार्ड नंबर 15 की मुख्य गली में पानी भर गया। बारिश रुकने के भी कई घंटे बाद तक पानी जमा रहा। बाजार में दुकानों के बाहर सड़क पर भरे पानी के कारण दुकानदार व अन्य राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

#### सड़कों पर अवैध कब्जे बने परेशानी


कस्बे में दुकानों के बाहर भी अवैध कब्जे होने और नालों की सफाई न होने के कारण भी लोगों को बारिश में परेशानी झेलनी पड़ेगी। क्योंकि बहुत से दुकानदारों ने नाले पर पक्के कब्जे जमा हुए हैं। जिसकी वजह से नालों की भी सफाई नहीं हो पाती और प्रशासन भी कोई कदम नहीं उठा रहा। नालों की सफाई न होने का नतीजा बाजार में सड़क पर कीचड़ फैल गया और पानी भर गया ।सामान लेने वाले लोगों को गंदगी और पानी से ही गुजरना पड़ा और नगर पालिका को कोसते रहे।

## एक नजर में बारिश











### नन्हें-मुन्ने स्केटर्स ने मनाया राजेश जैन का जन्मदिन

**रोहतक।** समाजसेवी राजेश जैन के जन्मदिन पर शहर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुराना आईटीआई ग्राउंड के सामने बने शहीद मदनलाल ढींगरा कम्यूनिटी सेंटर में स्केटिंग सीखने वाले बच्चों ने भी राजेश जैन का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस समारोह में उनकी पुत्रवधू समृद्धि जैन पहुंची और नन्हे मुन्ने स्केटर्स को प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले स्केटर्स को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। आयोजक राजेश लुंबा उर्फ टीनू और उनकी पत्नी बिंदिया ने समृद्धि जैन का स्वागत किया।



### सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने किया रोड शो

**रोहतक।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने रविवार को हरियाणा में चुनाव प्रचार अभियान शुरू करने से पहले बाबा साहब अंबेड़कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। दीपेन्द्र हुड्डा शहर में कांग्रेस भवन अंबेडकर चौक से रोड शो निकालते हुए सुभाष रोड, आउटर किला रोड, सिविल रोड, भिवानी स्टैन्ड, रेलवे रोड, महाराजा अग्रसेन चौक के इलाकों में रोड शो कर मतदाताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वे लोगों की आशाओं और उम्मीदों पर खरा उतरेंगे और संसद में जनता की आवाज को बुलंद करेंगे। दीपेन्द्र हुड्डा ने लोकसभा चुनाव के परिणामों से उत्साहित होकर पूरे जोश के साथ कहा कि जनता ने देश के संविधान को तो बचा लिया अब हरियाणा को बचाना है। बीजेपी सरकार ने हरियाणा को महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अपराध और नशे से बर्बादी के कगार पर खड़ा कर दिया। इस दौरान विधायक बीबी बतरा समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मांगें पूरी नहीं हुई तो 14 जुलाई को परिवहन मंत्री आवास का घेराव करेंगे

- हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन का दो दिवसीय शिक्षा शिवर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन संघ का दो दिवसीय शिक्षा शिविर शनिवार को संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद और मंच महासचिव सुमेर सिवाच ने किया। सर्व कर्मचारी संघ के पूर्व महासचिव सत्यपाल सिवाच ने जनता के लिए परिवहन सेवा बेहतर कैसे हो व ट्रेड यूनियन कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की। आल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरबत सिंह पूनिया ने निजीकरण एवं जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट आंदोलन का आह्वान किया। राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद, महासचिव सुमेर सिवाच, वरिष्ठ उपप्रधान शिव कुमार श्योराण, उपाध्यक्ष जयकुंवार दहिया ने कहा कि सरकार मानी गई मांगों को लागू नहीं कर रही, जिसे देखते हुए 14 जुलाई को हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर रोडवेज कर्मचारी अंबाला में परिवहन मंत्री आवास का घेराव करेंगे।



शिक्षा शिविर को सम्बोधित करते हुए हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन संघ के नेता।

# जीवन में शिक्षक का महत्व समझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ हरियाणा (महाविद्यालय और विश्वविद्यालय शिक्षा) का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शैक्षिक महासंघ के 17 जिलों से महाविद्यालय और विश्वविद्यालय से 47 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीता राम व्यास ने किया। उन्होंने संगठन के वैचारिक अधिष्ठान विषय की महत्ता बताई। उन्होंने शिक्षक के महत्व को समझाते हुए बताया कि किस प्रकार डॉ सीवी रमन ने भारत रत्न पुरस्कार प्राप्त करने में अपनी अनभिज्ञता जाहिर की क्योंकि उनके शिष्य का वायवा था। उनके इस कार्य से राष्ट्रपति द्वारा उनकी उपलब्धता के आधार पर उनको भारत का सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार भारत रत्न उनके द्वारा बताए गए दिन दिया। यह वाक्या ही उनको सर्वश्रेष्ठ शिक्षक की क्षेणी में लाता है और हर वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अतिरिक्त महामंत्री प्रो. नारायण लाल गुप्ता ने विमर्श के विषय को सभी के साथ सांझा किया। उन्होंने बताया कि हम वास्तव में क्या थे, कैसे हैं और क्या हो गए। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा अपनाई जाने वाली कार्य प्रणाली को विस्तार से बताया।



**रोहतक।** कार्यक्रम का दीप जला कर शुभारंभ करते हुए सीता राम व्यास ।



### नेटबॉल में रोहतक ब्लॉक की टीम प्रथम

**रोहतक।** जिला नेटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. विष्णु दत्त शर्मा ने बताया कि 18वीं सीनियर जिला रोहतक नेटबॉल चैंपियनशिप (पुरुष) स्वामी नितानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्राह्मणवास में आयोजित हुई। जिसमें सभी ब्लॉक की टीमों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। चैंपियनशिप में पुरुष के वर्ग में प्रथम स्थान रोहतक ब्लॉक, द्वितीय स्थान सांपला ब्लॉक व तृतीया स्थान महम ब्लॉक ने हासिल किया। खिलाड़ियों को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया, साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्या नीतिका मलिक, उपप्रधानाचार्य अमित, स्कूल प्रबंधक रश्मि हुड्डा, सुबोध कुमार, दिनेश कुमार, मुकेश, सुनीता अहलावत, सुनीता नांदल, प्रमिला, अजीत, श्रीओम, अंजू, सुप्रिया, इंदु, पायल, नीलम, अनु, रेनू, हितेश व हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन से ऑब्जर्व प्रवीन पूनिया आदि मौजूद रहे।—-149—-दोनो टीमों के साथ जिला नेटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. विष्णु दत्त शर्मा।

मार्केट न्यूज

### रोहतक में रॉक.इट के प्रमुख स्टोर का भव्य उद्घाटन



**रोहतक।** रोहतक माडल टाउन नजदीक डी पार्क दिल्ली रोड पर स्पोर्टस लाइफस्टाइल ब्रांड, रॉक.इट, जो मोंटे कार्लो के हाउस से है का शुभारंभ शनिवार कोकिया गया इस अवसर पर रॉक.इट ब्रांड हेड पंकज कोडा, मीडिया हेड नीरज कुमार निर्वाण और शोरूम मालिक गौरव ने मीडिया को बताया कि रोहतक में नया स्टोर एक परिवर्तनकारी खरीदारी अनुभव प्रदान करेगा। जो रॉक.इट के टैगलाइन यंग और यंग एट हार्ट के लिए पूरी तरह से मेल खाता है। यह ब्रांड लाइफस्टाईल और एक्टिव वियर ब्रांड है जो एथलीजर वियर, एक्टिव वियर, जिम आवश्कताएं लाउंज वियर, और फिटनस एसेसरीज को डिजाइन करता है। चाहे कोई भी गतिविधि हो रॉक.इट के लाइफस्टाइल और एक्टिव फिट कपड़े हमेशा सहयोग में होते हैं। कोडा ने कहा रोहतक के फैशन प्रेमी समुदाय के लिए यह प्रमुख स्टोर नवीन और स्टाइलिश समाधान लाने का वादा करता है जिसमें मुलायम कपड़े ड्राईफिट एथलेटिक वियर, टी शर्ट, लेगिंग्स, स्पोर्टस ब्रा, ट्रैक पेंट और जूते शामिल है। जो जिम में प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए संतुलन बनाते हैं। अतः हम कह सकते हैं रॉक.इट आपके जीवन के सभी पहलुओं का साथी है, हर दिन किसी भी समय कही भी हमारे फैशनेबल और आरामदायक नींद के लिए मुलायम कपड़े उपलब्ध करवाते हैं।

# एसपी कार्यालय में 12 पुलिस के कर्मचारियों को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुलिस अधिकारी-कर्मचारी सेवानिवृत्त में कार्यरत 12 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शनिवार को पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए है। पुलिस कार्यालय में स्थित सभागार में आयोजित विदाई समारोह में उप पुलिस अधीक्षक विद्यानंद ने सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों-कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य व स्वास्थ्य की कामना करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया है। निरीक्षक कृष्ण लाल, हॉनरेरी निरीक्षक नरेश कुमार, हॉनरेरी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, हॉनरेरी निरीक्षक रामकिशन, हॉनरेरी निरीक्षक कुलदीप सिंह, उपनि नरेन्द्र सिंह, उपनि दयानंद, उपनि सुरेन्द्र, उपनि देईचंद, उपनि राजमल, सउपनि वीरभान सिंह व महिला सउपनि सुरेश कुमारी आज सेवानिवृत हुए है।

उप पुलिस अधीक्षक विद्यानंद ने सेवानिवृत्त हुए पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों ने अपने जीवन के सबसे कीमती समय पुलिस विभाग को समर्पित किया है। पुलिस विभाग उनका हमेशा ऋणी रहेगा। पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों ने पुलिस विभाग में विभिन्न पदों पर रहकर कर्तव्यनिष्ठा व इमानदारी से अपना कार्य किया है। पुलिस विभाग की नौकरी कठिन नौकरियों में से एक है। जवान के साथ-2 परिवार को भी संघर्ष करना पड़ता है। पुलिस विभाग में सम्मान पूर्वक सेवानिवृत्त होना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी पुलिस विभाग में भी सहयोग देते रहे।



#### ये हुए सेवानिवृत्त

गांव सिसाना जिला सोनीपत निवासी निरीक्षक कृष्ण लाल ने पुलिस विभाग में 35 साल, बैंक कॉलोनी रोहतक निवासी हॉनरेरी निरीक्षक नरेश कुमार ने 35 साल, उतम विहार रोहतक निवासी हॉनरेरी निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह ने 35 साल, गांव टिटोली निवासी हॉनरेरी निरीक्षक रामकिशन ने 35 साल, रोहतक निवासी हॉनरेरी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने 35 साल, आजादगढ़ रोहतक निवासी उप.नि. नरेन्द्र सिंह ने 34 साल, जिला सोनीपत निवासी उप.नि. दयानंद ने 34 साल, विशाल नगर रोहतक निवासी उप.नि. सुरेन्द्र सिंह ने 34 साल, जिला सोनीपत निवासी उप.नि. देईचंद ने 34 साल, जिला जींद निवासी उप.नि. राजमल सिंह ने 34 साल, जिला भिवानी स.उप.नि. वीरभान ने 22 कार्य किया।

### दिव्यांग बेटी की नहीं बन रही पेंशन

महम। उपमंडल महम के गांव भैणी भैरों की बेटी 18 वर्षीय काजल 75 फीसदी दिव्यांग है, लेकिन उसकी सामाजिक सुरक्षा पेंशन नहीं बन रही है। पेंशन बनवाने के लिए काजल के पिता राजेश और ताऊ जसमेर सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। जसमेर ने बताया कि अटल सेवा केंद्र पर दिव्यांग सामाजिक सुरक्षा पेंशन की सभी औपचारिकताएं पूरी की जा चुकी हैं। बावजूद इसके बेटी की पेंशन नहीं बन रही है। चलने फिरने में असमर्थ काजल के माता पिता दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं।

### राजेंद्र फोगाट बने रिटायर्ड एम्पलाइज कांग्रेस सेल का जिलाध्यक्ष



रोहतक। जिला रिटायर्ड इंप्लाइज कांग्रेस का सम्मेलन कांग्रेस भवन में संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता रिटायर्ड एम्पलाइज कांग्रेस सेल के प्रदेश अध्यक्ष महावीर मलिक ने की और मुख्य अतिथि कांग्रेस के विधायक भारत भूषण बतरा उपस्थित हुए। विधायक ने रिटायर्ड इंप्लाइज कांग्रेस सेल के जिला प्रधान राजेंद्र फोगाट, महासचिव दिलबाग सिंह फौजी को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सभी पदाधिकारी को विधायक और सेल के अध्यक्ष महावीर मलिक ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। सम्मेलन में राज्य कमेटी की ओर से राज्य महासचिव मेहर सिंह नैन ने संचालन किया। इस मौके पर प्रदेश महासचिव मेहर सिंह टाइगर, उपाध्यक्ष राज सिंह हुड्डा, उपाध्यक्ष बिजेंद्र अहलावत भी मौजूद रहे। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजेंद्र फौगाट, उपाध्यक्ष देवी सिंह देशवाल, सतबीर मकडोली, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार खट्टर, उपाध्यक्ष शमशेर सिंह सिवाच, मीडिया कोऑर्डिनेटर वीरेंद्र शर्मा आदि रहे।

### लाभार्थियों को वितरित किए जाएंगे लाभ:डीसी

**रोहतक।** जिला विकास भवन स्थित सभागार में विभिन्न योजनाओं के नए लाभार्थियों को लाभ प्रदान करने के लिए जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह पानीपत में राज्य स्तरीय समारोह में नए लाभार्थियों को इन योजनाओं का लाभ वितरित करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय लाभ वितरण समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा होंगे।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- BAMS 2
- RMO 2
- COMPUTER OPERATOR 2
- CHEMIST SHOP STAFF 2
- PHARMACY BILLING STAFF 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

मलिक मनोरोग चिकित्सा केन्द्र
- मन उदास रहना (डिप्रेशन),
- चिन्ता करना, नींद की समस्याए
- फिजूल के विचार आना (OCD)
- सिरदर्द (माइग्रेन)
- शक-वहम होना
- सभी प्रकार के दौरे
- बाईपोलर डिसार्डर
- भूलने की बीमारी
- नशा मुक्ति
- अत्यधिक गुस्सा करना
- स्किजोफ्रेनिया,
- घबराहट
- बच्चों की व्यवहारिक समस्याएं
- बेचैनी

यहाँ पर हर प्रकार की मानसिक बीमारियों का इलाज किया जाता है।
यहाँ पर COUNSELLING के द्वारा भी इलाज किया जाता है।
APPOINTMENT की सुविधा भी उपलब्ध है।
Malik Neuropsychiatry Centre
SCO No. 31, Sector 2 Market, Near Rathi Eye Hospital, Rohtak.
समय- 9 AM से 7 PM
डॉ. आशीष मलिक
Ex. Registrar, PGIMS, Rohtak
M. 8307676466
8685805302

**खबर संक्षेप**

## घर से मोटर, ग्राइंडर और बिजली के तार चोरी

**रोहतक।** विजय नगर में एक घर से मोटर, ग्राइंडर व बिजली के तारों के तीन बंडल चोरी हो गए। पीड़ित कर्ण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 जून को मध्यरात्रि करीब डेढ़ बजे निर्माणाधीन मकान में कोई अज्ञात व्यक्ति घुस गया। फिर पानी की मोटर, ग्राइंडर व बिजली तारों के तीन बंडल चोरी कर ले गया। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## घर के बाहर से ई-रिक्शा चोरी, मामला दर्ज

**रोहतक।** डीएवी चौक से पास घर के बाहर से ई-रिक्शा चोरी होने का मामला सामने आया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी। देसराज चावला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि डीएवी चौक के पास किराएदार मकान में रहता हूं। मेरे पास एक ई-रिक्शा है। मैंने अपनी ई-रिक्शा को 28 जून को अपने घर के बाहर चार्जिंग लगाकर खड़ी की थी। करीब 3 बजे मैंने देखा को मेरी रिक्शा वहां पर नहीं मिली। इसके बाद मैंने आस-पास देखा, लेकिन कई भी नहीं मिली। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गांव घिलौड़ में मकान के अंदर चोरी, केस दर्ज

**रोहतक।** गांव घिलौड़ में एक मकान के अंदर चोरी हो गई है। घिलौड़ पुलिस चौकी ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। राजेन्द्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव घिलौड कलां का रहने वाला हूं। हरियाणा पुलिस से रिटायर्ड हूं। मैं 28 जून को अपने परिवार के साथ घेर में सो रहा था। मैंने अपना सामान घेर में रख रखा है। जो रात के समय मेरे घर में किसी अंजान व्यक्ति ने चोरी किया है। मैंने सुबह से चैक किया तो मेरा एक बक्सा कुंडा टूटा हुआ था। जो छत पर मिला। जिसमें 47 हजार 100 रुपये रखे हुऐ थे। 20 ग्राम की सोने की चैन नहीं मिली। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी।

# साइबर ठगी : नौ दिन में 8 लोगों के साथ 55 लाख की धोखाधड़ी, कोई गिरफ्तार नहीं

▶▶ ठग नए-नए तरीकों से लोगों की मेहनत की कमाई को लूट रहे ▶▶ आम लोगों का बैंकों में भी पैसा सुरक्षित नहीं

एसपी हिमांशु गर्ग का कहना है कि सावधानी में ही सुरक्षा है। लोगों को अलर्ट रहना होगा। साइबर ठग नए नए तरीके अपाना रहे हैं। नौकरी, निवेश और रोज कमाई करने के ऑफर के लालच में न आएं



नीरज वर्मा ▶▶ रोहतक

हरियाणा में साइबर ठगों का आतंक बढ़ता जा रहा है। ठग नए-नए तरीकों से लोगों की मेहनत की कमाई को लूट रहे हैं। आम लोगों का बैंकों में पैसा सुरक्षित नहीं है। जिले में 20 जून से लेकर 29 जून तक नौ दिन के अंदर 9 लोगों से करीब 55 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी के मामले सामने आए हैं। वहीं, आज के दौर में लोग ऑनलाइन शॉपिंग को बढ़ावा दे रहे हैं। ठगों ने भी ऑनलाइन शॉपिंग, बैंक ट्रांजेक्शन से लेकर सोशल मीडिया तक पर अड्डा जमा लिया है। उपभोक्ता ऑनलाइन बिल पेमेंट करने पर, किसी ई-कॉमर्स साइट से गैजेट खरीदने पर, एटीएम से कैश निकालने पर ठगी का शिकार हो रहे हैं। पुलिस भी साइर ठगी के मामलों में रोक नहीं लगा पा रही है।

पुलिस के अनुसार, इस चार महीनों में साइबर ठगी की करीब 100 वारदातों को शातिर अंजाम दे चुके है। हैरत की बात यह है कि साइबर ठगी के अधिकतर मामले आज तक अनसुलझे हैं। पुलिस के पास इन आरोपियों को पकड़ने के लिए अभी तक कोई पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। साइबर ठग आए दिन नए-नए तरीको से वारदातों को अंजाम दे रहे है। वहीं रोजाना साइबर ठगों के बदलते तरीको से लोग भी उनके झांसे में आने से नहीं बच पा रहे हैं। एसपी हिमांशु गर्ग का कहना है कि सावधानी में ही सुरक्षा है। लोगों को अलर्ट रहना होगा।

**केस-1: आइपीओ में निवेश का लालच देकर ठग लिए पौने चार लाख:** जगदीश कालोनी के रहने वाले युवक से तीन लाख 70 हजार 693 रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित विकास ने आर्य नगर थाना पुलिस को 29 जून को दी शिकायत में बताया कि सात जून को वाट्सअप नंबर पर एक लिंक प्राप्त हुआ, जिसे ओपन करते ही एक ग्रुप में जुड़ गया। फिर जीएफएसएल समूह द्वारा स्टाक व आइपीओ में निवेश करने के लिए कहा गया और फिर पांच हजार रुपये से ट्रेडिंग शुरू की, जिसमें मुनाफा दिखाकर खाते में 10 हजार रुपये भी जमा दिखाए गए। ऐसा लगा कि मुनाफ हुआ है। फिर 1.35 लाख रुपये जमा करवाए और फिर दो लाख 30 हजार 693 रुपये जमा करवाए। जब जमा करवाई राशि निकालने का प्रयास किया तो नहीं निकली। जब पता लगा कि धोखाधड़ी हुई है। इस तरह आरोपितों ने धोखाधड़ी कर तीन लाख 80 हजार 693 रुपये की ठगी कर ली। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**केस-2: पूर्व सैनिक को नौकरी का ऑफर देकर 72 हजार ठगे** 29 जून को लाखन माजरा थाना पुलिस को दी शिकायत में घरौठी गांव निवासी मनोज कुमार ने बताया कि वह भारतीय सेना से सूबेदार के रैंक से रिटायर है। वह फिलहाल घर पर ही रहता है। उसके मोबाइल फोन पर फोन करके किसी ने नौकरी के लिए ऑफर किया। कहा कि आप सेना से रिटायर हैं। इसलिए हम आपको अच्छी सैलरी देंगे। अलग अगल बार उससे पैसे की डिमांड की गई। धोखाधड़ी करके उससे कुल 72 हजार 500 रुपये ठग लिए। ये उसने उनके बैंक खाते में जमा करवाए हैं। उसका कहा था कि वे आपको ज्वाइनिंग लैटर देने के लिए रोहतक आ रहे हैं। न तो वे लोग ज्वाइनिंग लैटर लेकर रोहतक आए और न ही उसके पैसे वापस दिए।

### केस 5 : 40 हजार रुपये की ठगी

पीड़ित सोनू ने बहुअकबरपुर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 24 जून को मेरे मोबाइल नंबर पर एक फोन आया और बोला कि मैं मास्टर बोल रहा हूं, तेरा नंबर जयपाल ने दिया है। तू जयपाल का बड़ा बेटा सोनू बोल रहा है ना और इस दौरान कहा कि हां मैं बोल रहा हूं। फिर आरोपित ने कहा कि मुझे जयपाल ने 4000 हजार रुपये देने है। आप गूगल पेय चलाते हो। यह कहकर उसने कहा कि 40 हजार रुपये डल गए। इस दौरान 10 रुपये व 40 हजार रुपये के दो टैक्स मैसेज किए और कहा कि मुझसे गलती से आपके खाते में चार हजार रुपये की बजाय 40 हजार रुये डल गए है। आप मेरे 36 हजार रुपये वापस कर दो। इसके बाद बिना खाता चैक किए ही उसके कहने पर पांच हजार रुपये गूगल पे के माध्यम से डाल दिए, फिर उसने कहा कि आप इसी खाता में 10 हजार रुपये और डाल दो। मैंने यह भी डाल दिए। इसके बाद आरोपित ने कहा कि 21 हजार रुपये और डाल दो और यह पैसे डालने लगा तो ट्रांजेक्शन फेल आई। इसके बाद खाता चैक किया जतो पता चला कि खाते में कोई रुपये आए ही हीं। फिर लगा कि मेरे साथ धोखाधड़ी की है। इस तरह खाते 15 हजार रुपये की धोखाधड़ी हुई है। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

■ पिता जी को 4000 रुपये देने की बात कहकर टेक्स मैसेज भेजा और अपने जाल में फसाया

### केस-6: रोजाना दो-चार हजार रुपये कमाने के चक्कर में 2 लाख 64 हजार 114 रुपये गंवाए

सेक्टर तीन के रहने वाले राजबीर ने अर्बन अस्टेट थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके मोबाइल नंबर पर मैसेज आया, जिसमें मुझे रोजाना दो हजार से चार हजार रुपये तक कमाने लालच दिया गया। फिर मुझे टेलीग्राम से जोड़ा गया। इसके बाद टेलीग्राम से एक हजार रुपये, इसके बाद तीन हजार रुपये, इसके बाद पांच हजार रुपये, फिर सात हजार रुपये, 3600 रुपये, फिर 32,400 रुपये यूपीआई के माध्यम से भेज दिए गए। इसके बाद एसबीआई के माध्यम से 18 हजार रुपये, फिर 14 हजार रुपये, दो हजार रुपये और फिर 12 जून को 13 हजार रुपये, फिर से 13 हजार रुपये। इस तरह कुल 1.52 हजार रुपये भेज दिए। उसके बाद 12 जून को 1,52.114 रुपये भेज दिए। इस प्रकार मैंने आरोपितों के खाते में 2,64,114 रुपये भेज दिए। अब भेजे गए पैसे मांगे तो वापस नहीं दिए। इस तरह मेरे साथ धोखाधड़ी हुई है।

■ टेलीग्राम से जोड़कर कई बार में छोटी-छोटी रकम से पौने तीन लाख ले लिए

### आईपीओ के चक्कर में 25 लाख 18 हजार गंवाए

शास्त्री नगर हिसार बाईपास निवासी सुनीता ने 25 जून को पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह घरेलू महिला है और वाट्सअप चलाती है और इंस्टाग्राम आइडी बना रखी है। इस दौरान एक जीएफएसएल नाम से वाट्सअप ग्रुप से जुड़ गई। इसके बाद जब मैंने आईपीओ लेने के लिए अप्लाई किया तो मुझे आइपीओ मिल गया। इसके लिए 1.05 लाख रुपये जमा करवाने के लिए कहा गया। इसके बाद 13 मई को मैंने अपने इंडस बैंक खाते से पांच हजार रुपये व एक लाख रुपये जमा करवा दिए। मेरे द्वारा जब ट्रेडिंग की जाती थी तो वह मेरी जीएसएफएल एप की आइडी पर दिखाई देती थी, इसी दौरान उन्होंने मेरा दूसरा आइपीओ अप्लाई कर दिया, जब इसकी लिस्ट लगी तो उसमें अपना स्टाक बेचना चाहा तो वह मेरे दूसरे आइपीओ में चला गया, जब मैंने उनसे बातचीत की तो उन्होंने मेरे दूसरे आइपीओ अप्लाई करने के लिए तीन लाख रुपये जमा करने को कहा गया। फिर 15 मई को मैंने अपने बैंक खाता 50-50 हजार रुपये कर कुल तीन लाख रुपये जमा करवा दिए। इसके बाद फिर अपना स्टाक बेचना चाहा तो जीएफसीएल एप पर मेरा द्वारा की गई ट्रेंडिंग से करीब 9.66 लाख रुपये दिखाई दिए। जब पैसे निकालने चाहे तो नहीं निकले। इसी दौरान एक और आइपीओ अप्लाई हो गया। जब मैंने इसके बारे में बातचीत की तो उन्होंने मुझे बताया कि यह सब सिस्टम से आटोमेटिक चलता है। इस आइपीओ को बंद करने के लिए और अपने रुपये निकालने के लिए नया आइपीओ अप्लाई करने के लिए कहा गया। कहा कि इसके लिए 13.13 लाख रुपये जमा करने होंगे। इस तरह आरोपितों ने बातों में फंसाकर कुल 25 लाख 18 हजार रुपये की ठगी कर ली।

### केस 8 : एक लाख 42 हजार 663 रुपये की ठगी

धोबी मोहल्ला निवासी रोहतक मलिक ने साइबर क्राइम थाना पुलिस 22 जून को दी शिकायत में बताया कि आनलाइन धोखाधड़ी व स्कैम हुआ है। वह एक प्राइवेट फर्म में अकाउंटेंट की नौकरी करता हूं। मेरी जानकारी फेसबुक आइडी से माध्यम से डा. अंजली गौतम से वर्ष 2022 में हुई थी। उन्होंने अपने-आप को डाक्टर बताया और नूहं में सरकारी अस्पताल में नौकरी पर करती है। आरोपित महिला डाक्टर ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर छोटे-छोटे कैंप लगाती है और उन कैंप के माध्यम से जरूरतमंदों की मदद कर मुफ्त में दवाई व उपचार करते है। यह बात जानकार कभी-कभी मैंने 51, 101, 251 व 500 रुपये डोनेशन देने शुरू कर दी दिए। फिर आरोपित महिला डाक्टर ने डोनेशन के लिए बोला तो मैंने वित्तीय हालत ठीक नहीं होने के कारण मना कर दिया। इसके बाद उन्होंने मुझे मेडिकल लाइन में काम करने का आफर दिया। कहा कि अस्पताल में इंजेक्शन सप्लाई किए जाते है और आप उसमें पैसे लगाओ और जैसे मरीज अस्पताल से छुट्टी होंगे मुनाफा आपके खाते में आ जाएगा। फिर उन्होंने कहा कि मेरा ट्रांसफर पीजीआइ चंडीगढ़ हो गया। फिर इसके बाद वह बातों में आकर निवेश करना शुरू कर दिया।

**केस-3: पार्ट टाइम टॉक्स देकर 85 हजार ठगे**
पीड़ित रितु ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 21 जून को इंस्टाग्राम पर रील देखते समय सामने पार्ट टाइम अमेजन का वीडियो आया था। फिर वीडियो देख के उसमें क्लिक किया तो वाट्सअप पर से मैसेज आया और फिर एक टेलीग्राम का लिंक मिला, फिल लिंक पर क्लिक तो ग्रुप में ऐड हो गई। इसके बाद रिचार्ज करने के लिए कहा गया और 100 और फिर 500 रुपये के रिचार्ज किया। फिर उन्होंने टास्क देना शुरू कर दिया। इस तरह कई बार में टास्क दिया गया और 85 हजार 803 रुपये की धोखाधड़ी कर ली गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

■ पीड़ित रितु ने बताया कि कई बार में टास्क दिया गया और फिर 85 हजार 803 रुपये की धोखाधड़ी कर ली

**केस-4 1 लाख 77 हजार की ऑन लाइन ठगी**
थाना महम में दी शिकायत में महम के वार्ड 4 निवासी नरेश कुमार ने बताया कि आजाद चौक स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में उसका बैंक खाता है। उसके इस बैंक खाते से किसी ने 1 लाख 77 हजार रुपये निकाल लिए गए। यह मामला ऑन लाइन ठगी का है। जिस खाते में गए हैं, वह बैंक खाता जोधपुर पवोटा की केनरा बैंक शाखा में श्याम ट्रेडिंग के नाम से है। नरेश कुमार ने पुलिस से अपने पैसे वापस दिलाने और आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## स्टडी फॉर एज ट्रस्ट मेहंदी प्रशिक्षण शिविर का समापन

■ ट्रस्ट के प्रधान मनजीत सिंह व मुख्यातिथि आईसीआईसीआई बैंक से प्रमिला अजीत ने सभी को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र वितरीत किए।



**रोहतक।** स्टडी फॉर एज ट्रस्ट द्वारा रीना ब्यूटी पार्लर ट्रेनिंग सेंटर गांव बालंद में चल रहे मेहंदी प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। जिसमें महिलाओं ने मेहंदी कला सीखी। रीना और पूनम ने बारीकी से मेहंदी की कला सिखाई। प्रथम स्थान सोमवती, द्वितीय स्थान पूजा, तृतीय स्थान पर ज्योति और कीर्ति ने हासिल किया। स्टडी फॉर एज ट्रस्ट के प्रधान मनजीत सिंह व मुख्य अतिथि आईसीआईसीआई बैंक से प्रमिला, अजीत ने सभी को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र वितरीत किए। चंद्र देवी ने सभी को आशीर्वाद दिया।



## प्रत्येक नागरिक को कानून के बारे में जागरूकता होनी चाहिए : डॉ. एचएल वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

■ बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में सेमिनार का आयोजन

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में विधि संकाय के तत्वाधान नए आपराधिक कानूनों के अवलोकन पर आयोजित सेमिनार का समापन हो गया। मुख्य वक्ता उप जिला अटॉर्नी अनुज दहिया और ममता राठी ने छात्रों को तीन नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने बताया कि ये कानून न केवल हमारे समाज को सुरक्षित रखने में मददगार हैं, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया को भी सुगम बनाते हैं। ये तीनों कानून भारतीय समाज और न्यायिक प्रणाली के माध्यम से अपराधों के नियंत्रण, साक्ष्य प्राप्ति की प्रक्रिया और नागरिकता के मामलों में न्याय और सुरक्षा को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कानून संकाय के विभागाध्यक्ष डॉक्टर मनीष दलाल ने छात्रों को नए कानून के महत्व और पुराने और नए कानूनों के बीच अंतर के बारे में बताया। कुलपति प्रोफेसर (डॉक्टर) एचएल वर्मा ने छात्रों को बताया कि एक समर्थ और संविधानिक समाज में, प्रत्येक नागरिक को कानून के बारे में जागरूकता होनी चाहिए।

हर नागरिक को कानूनी जागरूकता बढ़ाने के लिए शिक्षा और संवादनशीलता का माध्यम बनाना आवश्यक है। शैक्षिक संस्थानों को इसके प्रसार और शिक्षा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। सेमिनार में लॉ की छात्रा प्रिया एवं आकांक्षा ने भी अपनी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रोफेसर (डॉक्टर) मनोज कुमार, प्रोफेसर (डॉक्टर) नवीन कपिल डॉ. सीमा देवी, डॉ. परमिला, डॉ. हरविंदर, डॉ. राहुल गोयत, मालिया, आकाशदीप सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जजपा नेता ने पक्के रास्ते का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

जननायक जनता पार्टी के महम हलका से पूर्व प्रत्याशी रहे हरज्ञान मोखरा ने महम ड्रेन पर नव निर्मित बूर्जी नंबर 48 से बूर्जी नंबर 57 तक के 45 एकड़ लंबाई के पक्के रास्ते का लोकार्पण किया। इस निर्माण कार्य की कुल लागत लगभग 45 लाख रुपये है। हरज्ञान ने कहा कि यह पक्का रास्ता ड्रेन को मजबूती प्रदान करेगा।

पंप हाऊसेज पर पहुंचाने का काम करेगा तथा किसानों को अपने खेतों में जाने के लिए रास्ते का काम करेगा। यह रास्ता पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की देन है।



**महम।** मोखरा गांव के रकबे में नवनिर्मित पक्के रास्ते का रीबन काटकर लोकार्पण करते जेजेपी प्रदेश महासचिव हरज्ञान मोखरा।

यह निर्माण कार्य महम हलका के किसानों के लिए तथा विशेष तौर पर मोखरा गांव के किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यह किसानों की महत्वपूर्ण मांग थी जो पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने पूरी की थी। मोखरा गांव के किसानों ने लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की तथा दुष्यंत चौटाला व जजपा नेता हरज्ञान मोखरा का आभार जताया।

कहा कि ये दोनों नेता सच्चे किसान हितैषी हैं। इस अवसर पर बलजीत राजपूत, अनिल मलिक, संजय शर्मा, राज सिंह खटकड़, धर्मपाल खनगवाल, लखीराम, शमशेर मलिक, महावीर पंच, सोमबीर मलिक, मोहन राजपूत व भगवान सिंह समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।



## दा आर्यन गलोबल स्कूल में शारीरिक स्वच्छता पर वर्कशॉप का आयोजन

**रोहतक।** दा आर्यन गलोबल स्कूल में अध्यापिकाओं और सहायक महिला कर्मचारियों के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप का आयोजन उप प्रधानाचार्या निशु की अध्यक्षता में डॉ. आरती साहू (गाइनेकोलॉजिस्ट) द्वारा किया गया, जिसका विषय शारीरिक स्वच्छता रहा। उन्होंने सभी को विषय संबंधी अनेक जानकारियां प्रदान की। वर्कशाप में उन्होंने बताया कि शरीर को स्वच्छ रखने से बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने अध्यापिकाओं को विषय से संबंधित बहुत सी ज्ञानवर्धक जानकारियां दी। प्राचार्य आरके खन्ना, स्कूल प्रबंधक सुरेश सिंगला ने कहा कि भविष्य में भी ऐसी वर्कशॉप का आयोजन करवाया जाएगा।



## ब्राह्मण समरसता यात्रा को लेकर भगवान परशुराम आश्रम जनकल्याण समिति की बैठक

**रोहतक।** भगवान परशुराम आश्रम जनकल्याण समिति सेक्टर 2 में ब्राह्मण समाज की बैठक ब्राह्मण समरसता यात्रा को लेकर आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अशोक ने की। उन्होंने बताया कि यात्रा अंबाला से शुरू होकर समालख तक 14 जुलाई को आयोजित की जाएगी। बैठक में सभी से यात्रा में शामिल होने की अपील की गई। यात्रा का उद्देश्य समस्त ब्राह्मण समाज में समरसता लाना है। इस मौके पर एडवोकेट ललित कौशिक, ओमकार पराशर, हरिओम, बिजेंद्र, मनीष कौशिक, हेमंत, सुनीत वत्स, करूण चंद्र, बद्रीनाथ नारायण शर्मा, धर्मपाल शर्मा, प्रवीण अत्री, रमेश वत्स, आकाश, हरिप्रकाश भारद्वाज, विजय भारद्वाज, सुशील पांचाल, तरूण कौशिक आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### एचसीएमएस एसोसिएशन की एग्जीक्यूटिव कमेटी की मीटिंग

# डायरेक्ट एसएमओ की भर्ती शुरू करे सरकार: डॉ. राठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

एचसीएमएस एसोसिएशन रोहतक इकाई की एग्जीक्यूटिव कमेटी की मीटिंग संपन्न हुई। जिसमें प्रधान डॉ विश्वजीत राठी के अलावा उप प्रधान डॉ भंवर सिंह, ट्रेजरर डॉ गुंजन नेहरा तथा सीनियर मेंबर्स डॉ सत्यवान, डॉ अनिलजीत त्रेहान, डॉ मंजु मेहरा, डॉ नरेंद्र सिंह, डॉ परितेव सिंह, डॉ मनोज, डॉ निखिल कुंडू, डॉ विशाल मल्होत्रा, डॉ मनोज कुमार और डॉ करमजीत मलिक मौजूद रहे।

एसोसिएशन की बॉन्ड कम करने की मांग सरकार द्वारा हां भरने के बावजूद आगे नहीं बढ़ पाई है। नीट पीजी परीक्षा एक महीने बाद होने वाला है। मध्यम वर्ग से आने वाले सरकारी डॉक्टरों से एक एक करोड़ की दो प्रॉपर्टी गिरवी रखवाई जाती हैं जो देने में सरकारी डॉक्टर सक्षम नहीं हैं, सरकार की इस नीति का एसोसिएशन ने विरोध किया। बॉन्ड 1 करोड़ से 50 लाख किया जाए तथा कुछ भी गिरवी न रखवा कर पोस्ट डेटेड चेक लिया जाए। डॉक्टरों की लंबे समय से मांग रही है की एसीपी (एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन) की फाइल को कई वर्षों से मुख्यमंत्री से अनुमति मिलने के बाद भी सरकार के पास लंबित है उसको जल्दी से जल्दी अमल में लाया जाए। केंद्र सरकार के अनुसार सभी भत्ते-केंद्र सरकार के अनुसार हरियाणा के सरकारी डॉक्टरों को भत्ते दिए जाएं। डॉक्टरों द्वारा किए जाने वाले कामों के लिए सरकार द्वारा उचित गाइडलाइन जारी की जाएं। डॉक्टरों की कमी की वजह से जनता तथा डॉक्टर दोनों को समस्या का सामना करना पड़ता है। पॉलिसी बदल कर नई पोस्ट बनाए तथा जो पद खाली हैं उनको जल्द से जल्द भरा जाए। पेंशन बहाली संघर्ष समिति तथा अन्य कर्मचारियों के साथ मिलकर एसो. पओपीएस की लड़ाई लड़ती रहेगी तथा एनपीएस और जीपीएस की खिलाफत करती रहेगी। डॉक्टर्स की एलटीसी, एसीपी केस, पोस्टमार्टम अलाउंस, सीसीएल अवकाश अप्रूवल तथा अन्य कई कार्यों के लिए डीलिंग कई जगह पैसे लिए जाते हैं।



### कई साल से मांग पूरा नहीं कर रही सरकार

सरकार कई साल से उनकी मांगें पूरी नहीं कर रही है। जिसे लेकर मीटिंग बुलाई गई थी। सरकार से डाक्टर की भर्ती करने, सीधे तौर पर एसएमओ की भर्ती करने, बॉन्ड 1 करोड़ से 50 लाख करने, कुछ भी गिरवी न रखवा कर पोस्ट डेटेड चेक लेने की मांग की गई है।

-डॉ विश्वजीत राठी, जिला प्रधान